उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 03.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान...।

आज दिनांक 03.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में "यातायात माह नवम्बर" के तहत जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा प्राइवेट बस स्टैण्ड महोबा पहुंचकर वहां उपस्थित बस चालकों एवं परिचालकों को एकत्रित कर उन्हें सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

अभियान के दौरान वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय किन सावधानियों का पालन किया जाए जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सके। सभी चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई, तथा उन्हें यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए।

महोबा पुलिस द्वारा यह अभियान पूरे माह भर जारी रहेगा, जिसके तहत आमजन, वाहन चालक, छात्र-छात्राओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।






## साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल खोजकर पीड़ित को किया गया सुपुर्द।

## "महोबा पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क निरंतर सक्रिय"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद स्तर पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.11.2025 को साइबर हेल्प डेस्क थाना कोतवाली नगर की टीम द्वारा शिकायतकर्त

शिवम गुप्ता पुत्र भागवत प्रसाद नि0 मिल्कीपुर महोबा का oppo मोबाइल फोन, जो कही गुम हो गया था , सरकार द्वारा जारी किये गये पोर्टल ceir.gov.in से बरामद कर आज सकुशल उन्हें सुपुर्द किया गया , इस अवसर पर पीड़ित द्वारा महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

**साइबर हेल्पडेस्क टीम-**

1. उ0नि0 शिवांगी प्रजापति थाना कोतवाली नगरजनपद महोबा
2. कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए शिव रावत थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**साइबर हेल्प डेस्क से संबंधित जनहित अपील-**

यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुम/चोरी हो जाता है तो उसको ceir.gov.in पोर्टल से आम जन नागरिक ब्लाक करा सकते है, जिससे यदि किसी के द्वारा उस मोबाइल में कोई सिम डाला जाता है तो सम्बन्धित सिम की जानकारी सम्बन्धित थाने में पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो जायेगी, जिससे आसानी से मोबाइल को रिकवर किया जा सकता है और यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल नजदीकी थाना, साइबर हेल्प डेस्क अथवा टोल-फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे। साइबर हेल्प डेस्क पर सूचना देने से पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सहयोग मिलता है और बरामदगी/निवारण की संभावना बढ़ जाती है। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें एवं व्यक्तिगत अथवा बैंक संबंधी जानकारी अजनबियों से साझा न करें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 03.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 02.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित की गयी व0उ0नि0 विजयबहादुर सिंह व हे0का0 अमरेश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मु0अ0स0 21/25 धारा 320/336(3)/338 बीएनएस व 60/63/72 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त अंजनी कुमार पाठक पुत्र रामकेवल पाठक उम्र करीब 42 वर्ष निवासी पाठक का पुरवा इंटौजा पश्चिम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को एमएमटी गार्डन के पास कस्बा श्रीनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

अंजनी कुमार पाठक पुत्र रामकेवल पाठक उम्र करीब 42 वर्ष निवासी पाठक का पुरवा इंटौजा पश्चिम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. व विजयबहादुर सिंह 0उ0नि0
2. हेअमरेश सिंह थाना श्रीनगर 0का0



# महोबा पुलिस



## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित...।

- पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.11.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं: वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112, एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102, महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930
- कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।
- इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इन केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

📍 *उक्त अभियान के तहत थाना खरेला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत धावरी में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान तथा तीनों नये आपराधिक कानूनों (BNS, BNSS एवं BSA) के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया।*








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 03.11.2025


# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा


## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के साइबर थाने का किया गया औचक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आज दिनांक 03.11.2025 को पुलिस लाइन महोबा में स्थापित जनपदीय साइबर थाने का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराधों से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा सम्बन्धित को इन मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

उन्होंने साइबर अपराधों में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि साइबर अपराध की जांच में आधुनिक तकनीक और उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए ताकि साक्ष्य संकलन और अभियोजन में गुणवत्ता बनी रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने प्रभारी साइबर थाना, श्री आशीष कुमार भदौरिया को आमजन को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिससे नागरिक इस प्रकार के अपराधों से सतर्क और सुरक्षित रह सकें। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ित को समय पर न्याय मिले।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पब्लिक फ्रेंडली बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि महत्वपूर्ण अभिलेखों जैसे रजिस्टर, केस डायरी आदि को नियमित रूप से अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखा जाए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी साइबर थाना श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन श्री अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 03.11.2025

मीडिया सेल, महोबा

## MAHOBA POLICE



### Meticulous Investigation & Prosecution

**लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये दुर्घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त को 2,000/- ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप जे0एम0 कोर्ट द्वितीय द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये दुर्घटना करने वाले आरोपी अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2,000/- हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

**विवरण निम्नवत है:-**

थाना कोतवाली नगर महोबा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/2016 धारा-279/337/338 से सम्बंधित अभियुक्त सत्यप्रकाश पुत्र स्व0 बिहारीलाल निवासी मिशन कम्पाउण्ड सराजीपुरा महोबा को न्यायालय उठने तक की सजा व 2,000/- हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

@MahobaPolice